भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1462

31/07/2026 को उत्तरार्थ

विषय: आंध्र प्रदेश में पीएम-किसान के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या में कमी

1462. श्री येरेम वेंकट सुब्बा रेड्डीः

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश के लाभार्थियों की संख्या 11वीं किस्त (अप्रैल, 2022 से जुलाई, 2022) में 44 लाख से घटकर 21वीं किस्त (अगस्त, 2025 से नवंबर, 2025) में 39.15 लाख रह गई है;

(ख) यदि हाँ, तो पीएम-किसान योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या में ऐसी गिरावट के क्या कारण हैं;

(ग) आंध्र प्रदेश में ज़िला वार किसानों की कुल संख्या कितनी है; और

(घ) सभी किसानों को पीएम-किसान योजना के दायरे में लाने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) और (ख): पीएम-किसान के अंतर्गत, भारत सरकार ने योजना की शुरुआत के बाद से 23 किस्तों के माध्यम से 4.46 करोड़ रुपये से अधिक धनराशि का वितरण किया है।

पीएम-किसान योजना के अंतर्गत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को लाभार्थियों को नामांकित करने और उनके डेटा को वैध और सत्यापित करने का निर्देश दिया गया है। यह योजना लाभार्थियों द्वारा स्व-प्रमाणीकरण के आधार पर विश्वास-आधारित प्रणाली पर प्रारंभ हुई। सेवा वितरण को अधिक कुशल और पारदर्शी बनाने के लिए, समय के साथ पात्र लाभार्थियों की भूमि सीडिंग, बैंक खातों के साथ आधार लिंकिंग और ई-केवाईसी (eKYC) का सत्यापन और जांच अनिवार्य कर दी गई है। इस प्रक्रिया के दौरान, आंध्र प्रदेश सहित सभी राज्यों में योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या में गिरावट आई, जहां लाभार्थियों की संख्या 11वीं किस्त (अप्रैल 2022 से जुलाई 2022) में 44 लाख से घटकर 21वीं किस्त (अगस्त 2025 से नवंबर 2025) में 39.15 लाख हो गई।

किसानों द्वारा निर्धारित अनिवार्य शर्तों का पालन करना एवं उनका सत्यापन होना योजना के अंतर्गत लाभार्थी के रूप में पात्रता प्राप्त करने तथा लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक है।

(ग): आंध्र प्रदेश में जारी पीएम-किसान लाभों की 23वीं किस्त का जिलावार विवरण अनुबंध में दिया गया है।

(घ): यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई भी पात्र किसान छूट न जाए, भारत सरकार आंध्र प्रदेश सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के समन्वय में सैचुरेशन ड्राइव चलाती है। 15 नवंबर 2023 से विकसित भारत संकल्प यात्रा (वीबीएसवाई) के अंतर्गत एक व्यापक राष्ट्रव्यापी सैचुरेशन ड्राइव चलाई गई, जिसके दौरान 1.0 करोड़ से अधिक किसानों को पीएम-किसान के अंतर्गत शामिल किया गया। इसके अलावा, 2024 में सरकार की 100 दिन की पहल के अंतर्गत, पीएम-किसान योजना के अंतर्गत 25 लाख से अधिक पात्र किसानों को जोड़ा गया। सितंबर 2024 में लंबित स्व-पंजीकरण मामलों को निपटाने के लिए एक विशेष अभियान भी चलाया गया, जिसके परिणामस्वरूप 30 लाख से अधिक नए किसानों को जोड़ा गया। पीएम-किसान के तहत पात्र किसानों तक योजना भी पहुंच दायरा बढ़ाने के लिए, 1 जून 2026 से "खेत बचाओ अभियान" के साथ-साथ एक देशव्यापी सैचुरेशन ड्राइव भी प्रारंभ की गई है, जिसके परिणामस्वरूप 17 लाख से ज़्यादा नए किसान इससे जुड़े हैं। इसके अलावा, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र समय-समय पर सैचुरेशन ड्राइव भी चलाते हैं ताकि योजना के अंतर्गत सभी अनिवार्य शर्तों को पूरा करने वाले पात्र किसानों की पहचान की जा सके और उनका नामांकन सुविधाजनक बनाया जा सके।

अनुबंध

आंध्र प्रदेश में जारी पीएम-किसान लाभ की 23वीं किस्त का जिलावार विवरण

#	जिला	23वीं किस्त (अप्रैल 26 -जुलाई 26)	
		लाभार्थियों की संख्या	वितरित राशि (रुपये करोड़ में)
1	अल्लूरी सीताराम राजू	1,05,957	21.1914
2	अनाकापल्ली	1,82,905	36.581
3	अनंतपुरम	2,52,829	50.5678
4	अन्नामय्या	1,43,020	28.604
5	बापटला	97,173	19.435
6	चित्तूर	1,41,248	28.2496
7	डॉ. बी. आर. अंबेडकर कोनासीमा	96,918	19.3836
8	पूर्वी गोदावरी	1,09,572	21.9144
9	एलुरु	1,25,289	25.0578
10	गुंटूर	81,390	16.278
11	काकीनाडा	1,20,489	24.0978
12	कृष्णा	1,04,208	20.842
13	कुरनूल	2,17,638	43.5276
14	मार्कापुरम	1,28,895	25.7808
15	नंदयाल	1,80,746	36.1492
16	एनटीआर	98,525	19.705
17	पलनाडु	1,92,710	38.542
18	पार्वतीपुरम मण्यम	1,08,058	21.6116
19	पोलावरम	39,752	7.9504
20	प्रकाशम	1,59,274	31.8556
21	श्री पोटी श्रीरामुलु नेल्लोर	1,40,923	28.1846
22	श्री सत्य साईं	2,32,843	46.5722
23	श्रीकाकुलम	2,19,133	43.8266
24	तिरुपति	1,39,751	27.9502
25	विशाखापत्तनम	16,725	3.345
26	विजयनगरम	1,78,928	35.7856
27	पश्चिम गोदावरी	84,628	16.9256
28	वाई. एस. आर. कडप्पा	1,90,409	38.0824
	कुल योग	**38,89,936**	**777.9968**

*****